<u>वीर सपूत की कुर्बानी को किया याद</u>

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 02 दिसंबर, 2018 को श्री जयभगवान शर्मा जी की पुण्य समृति में स्थापित **"शहीद स्मारक"** पर पुष्प भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। आज **"स्मृति दिवस"** के अवसर पर श्री जितेन्द्र कुमार बोलिया, Asstt. Commandant, CISF, NTPC Faridabad, इंस्पेक्टर श्री आर.एस. सिरोही, अन्य सुरक्षा बल सदस्य, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, एन.सी.सी अधिकारी, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ प्रवक्ता उपस्थित थे। ज्ञात हो कि उप निरीक्षक/कार्य स्वर्गीय श्री जय भगवान शर्मा जी गाँव हीरापुर, जिला फरीदाबाद निवासी ने अपनी शिक्षा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़, जिला फरीदाबाद (हरियाणा), में पूरी की थी। शिक्षा पूरी होने के बाद वे केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (के.औ.सु.ब.) में वर्ष 1988 में भर्ती हुए थे। दिनांक 02.12.1995 को उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किये गये हमले का मुकाबला करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उनके सम्मान में महाविद्यालय में **"शहीद स्मारक"** स्थापित किया गया है। आंतरिक गुणवत्ता आशवासन प्रकोष्ठ की पहल पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के नेतृत्व में शहीद के सम्मान में प्रतिवर्ष स्मृति दिवस मनाया जाता है एवं स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इस अवसर पर एन.सी.सी कैडेट और एन.एस.एस. स्वयंसेवक भी

उपस्थित रहते हैं ।